प्रादेशिक समाचार
दिनांक – 21.06.2026 (संध्या–1900 बजे)

मुख्य समाचार

1. अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर झारखंड समेत देश–दुनिया में सकारात्मक ऊर्जा का हुआ संचार, प्रधानमंत्री ने कहा–बेहतर भविष्य के लिए योग जरूरी।
2. राजधानी रांची समेत राज्य के सड़सठ केन्द्रों पर नीट यूजी की परीक्षा संपन्न, केन्द्रों पर दिखे कदाचारमुक्त परीक्षा के व्यापक इंतजाम।
3. रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने रांची संसदीय क्षेत्र को सड़कों की दी सौगात, मंत्री राधाकृष्ण किशोर ने छत्तरपुर में सड़क निर्माण कार्य का किया शिलान्यास।
4. मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने कहा– एसआईआर के प्रारूप मतदाता सूची में अन कलेक्टवल इन्यूमरेशन फॉर्म की पांच श्रेणियां नहीं की जाएगी शामिल।

और

5. भारत ने जीता एफआईएच महिला हॉकी नेशन्स कप का खिताब, मेजबान न्यूजीलैंड को एकतरफा मुकाबले में दो गोल से किया पराजित, प्रधानमंत्री ने दी बधाई।

*****************

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आज कोलकाता में 12वें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के प्रमुख कार्यक्रम का नेतृत्व किया। इस दौरान प्रधानमंत्री ने कहा कि बेहतर भविष्य के लिए योग जरूरी है। श्री मोदी ने कहा कि योग, मानसिक स्वास्थ्य से शारीरिक स्वास्थ्य का मार्ग प्रशस्त करता है।

*****************

राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार ने लोकभवन के बिरसा मंडप में आयोजित सामूहिक योगाभ्यास कार्यक्रम में लोगों के साथ योगाभ्यास किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि योग भारत की प्राचीन ज्ञान परंपरा का अमूल्य उपहार है, जो शरीर और आत्मा के बीच संतुलन स्थापित कर स्वस्थ तथा अनुशासित जीवन का मार्ग प्रशस्त करता है। योग दिवस पर राज्यस्तरीय समारोह का आयोजन रांची विश्वविद्यालय के दीक्षांत समारोह में आयोजित किया गया, जिसमें रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ और स्वास्थ्य मंत्री इरफान अंसारी समेत कई गणमान्य लोगों ने सामूहिक रूप से योगाभ्यास किया। केंद्रीय मंत्री अन्नपूर्णा देवी ने कोडरमा में आयोजित योग कार्यक्रम में शामिल हुई और योग को स्वस्थ जीवन के लिए बेहद जरूरी बताया।

*****************

नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी ने रांची के मोरहाबादी स्थित ऑक्सीजन पार्क में बच्चों के साथ योगाभ्यास किया। इस मौके पर उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री के प्रयासों से योग को वैश्विक पहचान मिली है। श्री मरांडी ने योग को सभी से अपनाने का आग्रह किया।

*****************

राज्य के साहिबगंज, खूंटी, लोहरदगा, सिमडेगा, बोकारो, देवघर, जामताड़ा, गुमला, चतरा, पश्चिमी सिंहभूम, सरायकेला–खरसावां, दुमका, धनबाद और गोड्डा सहित सभी जिलों में उपायुक्त, पुलिस अधीक्षक और प्रशासनिक अधिकारियों, सुरक्षाबलों, विद्यार्थियों और आम लोगों ने भी सामूहिक योगाभ्यास किया।

*****************

राजधानी रांची समेत राज्यभर के सड़सठ केन्द्रों पर कड़ी सुरक्षा के बीच नीट यूजी की पुनर्परीक्षा ली गयी। सभी परीक्षा केन्द्रों पर तीन लेयर की सुरक्षा व्यवस्था किये गये थे। कदाचार मुक्त परीक्षा के लिए एनटीए और जिला प्रशासन की ओर से व्यापक प्रबंध किए गए थे।

*****************

रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने आज रांची संसदीय क्षेत्र के कांके में सड़क निर्माण कार्य का शिलान्यास किया। चार करोड़ चौवन लाख रूपये की लागत से पातगाई से बनटोली तक सड़क का निर्माण किया जायेगा। श्री सेठ ने कहा कि यह सड़क क्षेत्र के आवागमन को सुगम बनाने के साथ, विकास को नई गति प्रदान करेगी।

*****************

वित्त मंत्री राधाकृष्ण किशोर ने आज छत्तरपुर विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत छत्तरपुर और नौडीहा बाजार प्रखंड में कई महत्वपूर्ण सड़क निर्माण कार्य का शिलान्यास किया। इस मौके पर पलामू के सांसद विष्णु दयाल राम भी मौजूद थे। इस दौरान श्री किशोर ने कहा कि इन योजनाओं के पूर्ण होने से ग्रामीण क्षेत्रों में आवागमन सुगम होगा और क्षेत्र के समग्र विकास को नई गति मिलेगी।

****************

राज्य के मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के0 रवि कुमार ने स्पष्ट किया है कि एसआईआर के प्रारूप मतदाता सूची में अन कलेक्टवल इन्यूमरेशन फॉर्म की पांच श्रेणियां शामिल नहीं की जाएंगी। उन्होंने आज कहा कि सोशल मीडिया पर भ्रामक और गलत जानकारी फैलाई जा रही है कि मौजूदा मतदाता सूची से कुछ मतदाताओं के नाम हटा दिए जाएंगे। उन्होंने बताया कि 30 जून से 29 जुलाई तक वर्तमान मतदाता सूची के सभी मौजूदा मतदाताओं को इन्यूमरेशन फॉर्म प्रदान किया जाएगा और वे सभी मतदाता जो हस्ताक्षरित इन्यूमरेशन फॉर्म जमा करेंगे, उन्हें एसआईआर की प्रारूप मतदाता सूची में शामिल किया जाएगा।

****************

गोड्डा सांसद निशिकांत दुबे ने आज देवघर में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में केन्द्र सरकार के बारह वर्षों की उपलब्धियां गिनायी। इस मौके पर श्री दुबे ने बताया कि कल से उनके संसदीय क्षेत्र में निःशुल्क नमो एम्बुलेंस सेवा की शुरूआत की जाएगी। उन्होंने बताया कि इसके अलावा एटीएम के जरिये प्रत्येक परिवार को बीस लीटर शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराया जाएगा।

****************

राज्यसभा चुनाव में कांग्रेस प्रत्याशी की करारी हार के बाद इंडी गठबंधन में बयानबाजी थमने का नाम नहीं ले रहा है। झामुमो के केन्द्रीय महासचिव विनोद पांडेय ने कहा है कि कांग्रेस, माले और राजद के नेताओं द्वारा दिया जा रहा बयानबाजी उचित नहीं है। श्री पांडेय ने इस मामले पर महागठबंधन के नेताओं के साथ समीक्षा होगी।

****************

धनबाद में आम उत्पादकों को बाजार से जोड़ने और बागवानी को बढ़ावा देने की दिशा में जिला प्रशासन ने आज आम उत्सव की शुरुआत की है। जिले के उपायुक्त आदित्य रंजन ने बताया कि स्थानीय किसानों द्वारा प्राकृतिक तरीके से उत्पादित आम लोगों द्वारा खूब पसंद किये जा रहे हैं। उन्होंने बताया कि आम बागवानी के जरिये किसान आत्मनिर्भर बन रहे हैं।

****************

मौसम विभाग केन्द्र के पूर्वानुमान के मुताबिक तेइस जून तक राज्य के कुछ और इलाकों में मॉनसून प्रवेश कर सकता है। केन्द्र के मुताबिक राज्य में 27 जून तक बारिश, आंधी और वज्रपात की संभावना है। पिछले चौबीस घंटे के दौरान धनबाद के तोपचांची में सर्वाधिक 40 दशमलव दो मिलीमीटर बारिश रिकॉर्ड की गयी। विभाग के मुताबिक अगले दो दिनों के दौरान अधिकतम तापमान में दो से तीन डिग्री सेल्सियस तक की वृद्धि हो सकती है।

****************

भारत ने एफआईएच महिला हॉकी नेशन्स कप का खिताब जीत लिया है। भारतीय टीम ने मेजबान न्यूजीलैंड को दो–शून्य से हराकर दूसरी बार यह प्रतियोगिता जीती है। गौरतलब है कि इस टीम में झारखंड की तीन बेटियां कप्तान सलीमा टेटे, निक्की प्रधान और दीपिका सारेंगे शामिल थी। इस खिताबी जीत के साथ ही भारत ने महिला एफआईएच प्रो लीग में अपना स्थान सुनिश्चित कर लिया है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने भारतीय महिला हॉकी टीम को जीत के लिए बधाई दी है।

********समाप्त********